Synergy

BSES Rajdhani Power Ltd
Yamuna Power Ltd

...a joint venture with GONCTD

मार्च– अप्रैल, 2009

ईद, होली और ईस्टर के मौके पर आपको हार्दिक शुभकामनाएं

कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए अलग ग्रिड

कॉमनवेल्थ गेम्स, 2010 के मद्देनज़र बीएसईएस ने अपनी तैयारियां जोर–शोर से शुरू कर दी हैं। लोगों के आकर्षण का केंद्र बन चुके अक्षरधाम मंदिर के निकट 66/11 केवी ग्रिड सब स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। 17 जनवरी, 2009 को दिल्ली की माननीया मुख्यमंत्री श्रीमती शीला दीक्षित ने, ओलिंपियन श्री गुरबचन सिंह रंधावा की मौजूदगी में इस स्टेट ऑफ द आर्ट ग्रिड की आधारशिला रखी।

कॉमनवेल्थ गेम्स ग्रिड पर 40 करोड़ रूपये की लागत आएगी और इसकी क्षमता 25 एमवीए की होगी। यह कॉमनवेल्थ गेम्स परिसर में बिजली की जरूरतों को पूरा करेगा और खास तौर पर इसे, इसी परिसर के लिए तैयार किया जा रहा है। उम्मीद है कि ग्रिड, मार्च 2010 से पहले बन कर तैयार हो जाएगा। यह दिल्ली का पहला हरित ग्रिड होगा। ग्रिड के कुल इलाके के 30 प्रतिशत से अधिक हिस्से में हरियाली होगी। ग्रिड की सजावट आदि पर भी ध्यान दिया जाएगा।

आईटी के लिए आईएसओ पाने वाली दिल्ली की पहली कंपनी बनी बीएसईएस, मुख्यमंत्री ने कहा– दिल्ली के लिए गर्व की बात

सूचना सुरक्षा प्रबंधन के लिए बीएसईएस के सूचना तकनीक विभाग को प्रतिष्ठित आईएसओ 27001: 2005 प्रमाणपत्र मिला है। इसके साथ ही बीएसईएस दिल्ली की पहली और देश की दूसरी ऐसी वितरण कंपनी बन गई है, जिसे यह प्रमाणपत्र मिला है। इस बारे में दिल्ली की माननीया मुख्यमंत्री श्रीमती शीला दीक्षित ने अपने बधाई पत्र में कहा – यह दिल्ली के लिए गर्व की बात है।

इस प्रमाणपत्र से जहां आईटी के सिस्टम्स व प्रॉसेसेज अंतरराष्ट्रीय नॉर्म्स के समकक्ष आएंगे, वहीं बीएसईएस के 25 लाख उपभोक्ताओं को कई तरीके के प्रत्यक्ष व परोक्ष फायदे भी होंगे। उन में से कुछ ये हैं:

- डाटा और सूचना की सटीकता व विश्वसनीयता और बढ़ेगी
- उपभोक्ताओं की जिज्ञासाओं का जल्द से जल्द समाधान
- उपभोक्ताओं व अन्य सेवाओं से संबंधित डाटा की सुरक्षा बढ़ेगी
- बिलिंग में गलती करीब–करीब शून्य
- बीएसईएस उपभोक्ताओं व शेयरधारकों में आत्मविश्वास बढ़ेगा

बीएसईएस को प्रतिष्ठित आईएसओ 27001: 2005 प्रमाणपत्र, डेट नॉर्सक वेरिटास (डीएनवी) की ओर से दिया गया, जिसका मुख्यालय नार्वे में है।

बिजली ज्ञान अभियान के विजेताओं को मुख्यमंत्री ने किया पुरस्कृत

19 फरवरी को दिल्ली सचिवालय में एक कार्यक्रम के साथ बीएसईएस बिजली ज्ञान अभियान का दूसरा चरण पूरा हुआ। साथी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच, माननीया मुख्यमंत्री श्रीमती शीला दीक्षित ने विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया। ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यह अंतर स्कूल कार्यक्रम शुरू किया गया था। बिजली ज्ञान अभियान के इस चरण में दक्षिण व पश्चिम दिल्ली के सैकड़ों स्कूलों के हजारों छात्रों ने भाग लिया। इसका पहला चरण पूर्वी व मध्य दिल्ली के स्कूलों में आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम के तहत बीएसईएस ने स्कूलों को 10 मिनट की एक ऑडियो–विजुअल सीडी दी जो कि ऊर्जा संरक्षण पर आधारित थी। उस के बाद इसी सीडी पर आधारित इंटर/ इंट्रा क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें आठवीं से बारहवीं कक्षाओं के छात्रों ने हिस्सा लिया।

अगस्त 2008 में आयोजित पहले चरण के क्विज कार्यक्रम की ही तरह, दूसरे चरण में भी निजी स्कूलों के तीन और सरकारी स्कूलों के तीन– कुल छह छात्रों को पुरस्कृत किया गया। ऊर्जा संरक्षण पर सर्वोत्तम नारे लिखने वाले दो छात्रों को भी पुरस्कार दिए गए। विजेताओं में शामिल थे– डॉली गुप्ता, प्रतीक नाथ, नसर अजमेरा, ऋषि चौधरी, तन्मय कुमार और मणि मक्कर।

प्रोजेक्ट अर्पण– बीएसईएस ने बांटे कुष्ठ आश्रम में कपड़े

अपने सामाजिक अभियान अर्पण के तहत बीएसईएस ने सुंदर नगरी स्थित कुष्ठ आश्रम में कपड़े बांटे। इनमें गरम कपड़े भी शामिल थे। इसके तहत, फरवरी, 2009 में बीवाईपीएल ने कुष्ठ रोगी पुनर्वास केंद्र (आरसीएल), समाज कल्याण विभाग, ताहिरपुर के साथ हाथ मिलाया ताकि कपड़ों को वहां के 1100 परिवारों में बांटा जा सके।

ईंधन बचाएं। पर्यावरण बचाएं।
www.bsesdelhi.com पर ऑनलाइन भुगतान करें

हम सुन रहे हैं... डायल कीजिए
बीआरपीएल– 39999707, बीवाईपीएल– 39999808